भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5787

जिसका उत्तर सोमवार, 30 मार्च, 2026/9 चैत्र, 1948 (शक) को दिया गया

लेनदेन में डिजिटल और नकद भुगतान की हिस्सेदारी

†5787.श्री एम. के. राघवन:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास देश में होने वाले लेनदेन की कुल संख्या और मूल्य में डिजिटल भुगतान और नकद भुगतान की हिस्सेदारी का ब्यौरा है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह सूचित किया है कि नकद भुगतान लेनदेन की सूचना उनके द्वारा नहीं रखी जाती है। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2023-24 से अब तक डिजिटल भुगतान लेनदेन का ब्यौरा निम्नलिखित है:-

वित्तीय वर्ष	**मात्रा (करोड़ में)**	**मूल्य (लाख करोड़ में)**
वित्तीय वर्ष 2023-24	16,443.02	2,428.24
वित्तीय वर्ष 2024-25	22,198.15	2,863.00
वित्तीय वर्ष 2025-26*	25,551.11	2,911.81

**फरवरी 2026 तक*

*****